प्रेषक,

सचिव,
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद,
रामनगर (नैनीताल)।

सेवा में,

समस्त
मुख्य शिक्षा अधिकारी
उत्तराखण्ड।

पत्रांकः– उ0वि0शि0प0/सिस्टम सेल/ऑन लाइन/844-49/2025–26 दिनांक– 06 अक्टूबर, 2025

**विषयः– <u>हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट स्तर पर परिषदीय् परीक्षाफल सुधार परीक्षा (द्वितीय) 2025 अथवा परिषदीय परीक्षा 2026 में सम्मिलित होने हेतु परीक्षार्थियों के लिये निर्देश।</u>**

**महोदय,**

**उपर्युक्त विषयक हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट स्तर पर परिषदीय परीक्षा परीक्षाफल सुधार परीक्षा (द्वितीय) वर्ष 2025 अथवा परिषदीय परीक्षा 2026 में सम्मलित होने के सम्बन्ध में विद्यालयों के द्वारा लगातार परिषद् कार्यालय से दूरभाष पर सम्पर्क किया जा रहा है। उक्त के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा निर्देश निम्नवत प्रेषित किये जा रहे हैं।**

शासनादेश संख्या : RTI-312/XXIV-4-2023-01(01)2016 TC, माध्यमिक शिक्षा अनुभाग 4, दिनांक 26 मई 2023 में संलग्न अधिसूचना संख्या : 311/XXIV-4-2023-01(01)2016 TC दिनांक 26 मई 2023 के द्वारा प्रख्यापित ''उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् परिष्कार विनियम 2023'' के वर्णित प्राविधानों के क्रम में परिषद् द्वारा **माह अगस्त 2025 में हाईस्कूल (कक्षा 10) एवं इण्टरमीडिएट (कक्षा 12 एवं केवल कृषि वर्ग के लिये कक्षा 11 सहित) 'परीक्षाफल सुधार परीक्षा' का आयोजन किया गया। जिसका परीक्षाफल 03 अक्टूबर, 2025 को घोषित किया जा चुका है।**

## 01- परीक्षा में सम्मिलित होने की प्रक्रिया एवं शर्तें :–

यदि हाईस्कूल (कक्षा 10) एवं इण्टरमीडिएट (कक्षा 12 एवं केवल कृषि वर्ग के लिये कक्षा 11 सहित) परिषदीय परीक्षा 2025 में अनुत्तीर्ण कोई परीक्षार्थी परीक्षाफल सुधार परीक्षा (प्रथम) माह अगस्त 2025 में भी किसी कारण उत्तीर्ण नहीं हुआ हो तो उक्त शासनादेश में वर्णित व्यवस्था के क्रम में उसे निम्नवत प्रक्रिया से हाईस्कूल (कक्षा 10) अथवा इण्टरमीडिएट (कक्षा 12 एवं केवल कृषि वर्ग के लिये कक्षा 11 सहित) **परीक्षाफल सुधार परीक्षा (द्वितीय)** अथवा सम्पूर्ण विषयों के साथ **परिषदीय परीक्षा 2026** में सम्मिलित किया जा सकेगा –

इस प्रक्रिया में वही परीक्षार्थी सम्मिलित हो सकेंगे जो उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद की परीक्षाफल सुधार परीक्षा 2025 (प्रथम) अथवा परीक्षाफल सुधार परीक्षा 2024 (तृतीय) में अनुत्तीर्ण हुए हैं।

(i) परीक्षार्थी प्रथम अवसर की परीक्षाफल सुधार परीक्षा में लिए गए विषय/विषयों के साथ दूसरे अवसर में आगामी वर्ष (मार्च–अप्रैल 2026) की मुख्य परिषदीय परीक्षा के साथ आयोजित होने वाली परीक्षाफल सुधार परीक्षा में सम्मिलित हो सकता है। **किन्तु ऐसी स्थिति में परीक्षार्थी द्वितीय अवसर की परीक्षाफल सुधार परीक्षा में व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में ही सम्मिलित हो सकेगा।**

अथवा

(ii) परीक्षार्थी प्रथम अवसर की परीक्षाफल सुधार परीक्षा में उत्तीर्ण न होने पर यदि वह चाहे तो इस वर्ष (2026) की **हाईस्कूल (कक्षा 10)/इण्टरमीडिएट (कक्षा 12) की मुख्य परीक्षा में समस्त विषयों के साथ भी परीक्षा में संस्थागत अथवा व्यक्तिगत रूप से आवेदन कर सकेगा।**

उक्त बिन्दु i के सम्बन्ध में यह स्पष्ट करना है कि **यदि कोई परीक्षार्थी परीक्षाफल सुधार परीक्षा** द्वितीय (माह मार्च–अप्रैल 2026) **में सम्मिलित होना चाहता है तो वह केवल व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में ही इस परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगा।** ऐसी स्थिति में उसे अपना आवेदन पत्र व्यक्तिगत परीक्षार्थियों हेतु निर्धारित विद्यालयों/अग्रसारण केन्द्रों से ही भरने की अनुमति होगी। परीक्षार्थी को दूसरे अवसर की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए परिषद् द्वारा निर्धारित समयावधि के अंतर्गत आवेदन एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क तथा प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र शुल्क **व्यक्तिगत आवेदन प्रक्रिया हेतु निर्धारित विद्यालय/अग्रसारण केन्द्र में जमा करना होगा।**

उक्त बिन्दु **ii** में वर्णित व्यवस्था के अनुसार यदि परीक्षार्थी समस्त विषयों के साथ इस वर्ष (2026) की हाईस्कूल (कक्षा 10)/इण्टरमीडिएट (कक्षा 12) की मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होना चाहता है तो वह **इस परीक्षा में संस्थागत छात्र के रूप में सम्मिलित हो सकेगा। यदि परीक्षाफल सुधार परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने के उपरान्त सम्पूर्ण विषयों के साथ व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होना चाहता है तो** उसे अपना आवेदन पत्र व्यक्तिगत परीक्षार्थियों हेतु निर्धारित विद्यालयों/अग्रसारण केन्द्रों से ही भरने की अनुमति होगी।

**(iii)** **जो परीक्षार्थी परीक्षाफल सुधार परीक्षा वर्ष 2024 (तृतीय) की परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुआ हो, वह परीक्षार्थी समस्त विषयों के साथ व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में ही सम्मिलित हो सकता है। ऐसे परीक्षार्थी अपना आवेदन पत्र व्यक्तिगत परीक्षार्थियों हेतु निर्धारित विद्यालयों/अग्रसारण केन्द्रों से ही आवेदन कर सकेगे। परीक्षार्थी को व्यक्तिगत परीक्षा का शुल्क राजकोष में चालान के माध्यम से जमा करना होगा।**

## 2. परीक्षा शुल्क का विवरण–

परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा शुल्क एवं प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र शुल्क निम्नवत देय होगा–

| क्र0 सं0 | परीक्षा का नाम | परीक्षा का प्रकार | हाईस्कूल (कक्षा 10) | | इण्टर (कक्षा 12) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | परीक्षा शुल्क | प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र शुल्क | परीक्षा शुल्क | प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र शुल्क | प्रवर्जन प्रमाणपत्र |
| 1 | परीक्षाफल सुधार परीक्षा –द्वितीय | व्यक्तिगत | 200.00 प्रति विषय | 50.00 | 300.00 प्रति विषय | 50.00 | - |
| 2 | सम्पूर्ण परीक्षा | संस्थागत | 200.00 | 10.00 | 350.00 | 10.00 | 50.00 |
| | | व्यक्तिगत | 600.00 | 10.00 | 700.00 | 10.00 | 50.00 |

**a.** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए हाईस्कूल स्तर पर परीक्षाफल सुधार परीक्षा द्वितीय में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा शुल्क रू0 100.00 (रू0 एक सौ मात्र) प्रति विषय तथा रू0 50.00 (रू0 पचास मात्र) प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र शुल्क एवं इण्टरमीडिएट स्तर पर परीक्षाफल सुधार परीक्षा द्वितीय में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा शुल्क रू0 150.00 (रू0 एक सौ पचास मात्र) प्रति विषय तथा रू0 50.00 (रू0 पचास मात्र) प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र शुल्क देय होगा।

**b.** **सम्पूर्ण परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों को उक्त तालिका के बिन्दु 02 में अंकित शुल्क देय होगा।**

**c.** उक्त के अतिरिक्त **व्यक्तिगत परीक्षार्थियों से हाईस्कूल एवं इण्टर स्तर पर प्रति परीक्षार्थी रू0 10.00 अग्रसारण शुल्क भी लिया जाएगा।**

**d.** विद्यालय परीक्षा में सम्मिलित होने वाले एक कक्षा के समस्त परीक्षार्थियों का परीक्षा शुल्क एक साथ भी चालान द्वारा राजकोष में जमा कर सकेगा। किन्तु कक्षा 10 एवं कक्षा 12 का अलग–अलग चालान द्वारा परीक्षा शुल्क जमा किया जायेगा। **शुल्क जमा करने सम्बन्धी प्रक्रिया एवं शुल्क जमा हेतु लेखा शीर्षक पूर्ववत ही होंगे।**

**e.** यदि किसी विद्यालय द्वारा पूर्व में (माह जुलाई/अगस्त 2025 में परिषदीय परीक्षा 2026 के परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु निर्धारित समयावधि के दौरान) ही किसी परीक्षार्थी का परीक्षा शुल्क जमा कर दिया गया हो तो ऐसी स्थिति में दुबारा जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। किन्तु ऐसी स्थिति में सम्बन्धित परीक्षार्थी के परीक्षा शुल्क जमा होने सम्बन्धी पुष्ट प्रमाण परिषद् को अनिवार्यतः उपलब्ध कराने होंगे। परिषद् द्वारा **विद्यालय से उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों/अभिलेखों से संतुष्ट होने के उपरांत ही सम्बन्धित परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की जाएगी।**

## 3. परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन प्रक्रिया–

**a.** **परीक्षाफल सुधार परीक्षा द्वितीय में व्यक्तिगत परीक्षार्थी** के रूप में प्रतिभाग करने हेतु परीक्षार्थी अपना आवेदन पत्र (परिषद् द्वारा निर्धारित प्रारूप पर) **निर्धारित शुल्क सहित व्यक्तिगत परीक्षा हेतु निर्धारित विद्यालय/अग्रसारण केन्द्र के प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य को निर्धारित अंतिम तिथि तक उपलब्ध करायेगा।** परीक्षा शुल्क के बिना एवं अंतिम तिथि के बाद किसी भी परीक्षार्थी से कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**अथवा**

इस वर्ष (2026) की हाईस्कूल (कक्षा 10)/इण्टरमीडिएट (कक्षा 12) की मुख्य परीक्षा में समस्त विषयों के साथ परीक्षा में **संस्थागत रूप** से आवेदन करने की स्थिति में परीक्षार्थी अपना आवेदन अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य को निर्धारित अंतिम तिथि तक उपलब्ध करायेगा। परीक्षा शुल्क के बिना एवं अंतिम तिथि के बाद किसी भी परीक्षार्थी से कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**अथवा**

इस वर्ष (2026) की हाईस्कूल (कक्षा 10)/इण्टरमीडिएट (कक्षा 12) की मुख्य परीक्षा में समस्त विषयों के साथ परीक्षा में **व्यक्तिगत परीक्षार्थी** के रूप से आवेदन करने की स्थिति में परीक्षार्थी अपना आवेदन पत्र (परिषद द्वारा निर्धारित प्रारूप पर) निर्धारित शुल्क सहित व्यक्तिगत परीक्षा हेतु निर्धारित विद्यालय/अग्रसारण केन्द्र के प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य को निर्धारित अंतिम तिथि तक उपलब्ध करायेगा। परीक्षा शुल्क के बिना एवं अंतिम तिथि के बाद किसी भी परीक्षार्थी से कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**b.** निर्धारित अंतिम तिथि तक परीक्षार्थियों से प्राप्त आवेदन पत्र (चाहे वे परीक्षाफल सुधार परीक्षा द्वितीय के लिए हों अथवा सम्पूर्ण परीक्षा के लिए) के आधार पर **ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया संस्था (विद्यालय) के माध्यम से ही सम्पादित की जायेगी,** अर्थात परीक्षार्थी का आवेदन उनके अभ्यर्थन की भली–भांति जॉच कर पूर्णतः संतुष्ट होने पर ही विद्यालय द्वारा मुख्य परीक्षा के समान ही किया जायेगा।

**c.** आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। विद्यालय उन्हें मुख्य परीक्षा हेतु संस्थागत अथवा व्यक्तिगत परीक्षा केन्द्र के रूप में प्रदत्त आई0डी0 एवं पासवर्ड से ही ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया सम्पादित कर सकेंगे। **कोई भी ऑफलाइन आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।**

**d.** **व्यक्तिगत परीक्षार्थियों हेतु आवेदन पत्र पोर्टल से डाउन लोड कर परीक्षार्थियों से भरवा लिये जांय। आवेदन पत्र पूरित होने के उपरान्त ऑनलाइन आवेदन पत्र भी भरा जायेगा। ऑनलाइन आवेदन पत्र ही परिषद् द्वारा स्वीकार किया जायेगा। ऑनलाईन आवेदन करने पर ही परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह होगा।**

परीक्षाफल सुधार परीक्षा के संस्थागत एवं व्यक्तिगत आवेदन प्रक्रिया हेतु समय सारणी दी जा रही है। समय सारणी के अनुसार आवेदन पत्र, नामावली, स्मारिका, संख्या सूचक चक्र, राजकोष पत्र इत्यादि को खण्ड शिक्षा अधिकारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं परिषद् कार्यालय में यथा समय प्रस्तुत करेंगे।

| क्र0सं0 | विवरण | समयावधि | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | विद्यालय / परीक्षार्थी के द्वारा राजकोष में शुल्क जमा करने की तिथि | 08 अक्टूबर, 2025 से 17 अक्टूबर, 2025 तक | संस्थाध्यक्ष |
| 2 | विद्यालय द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की तिथि | 08 अक्टूबर, 2025 (10:00 AM से) | संस्थाध्यक्ष |
| 3 | विद्यालय द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि | 17 अक्टूबर, 2025 (11:59 PM तक) | संस्थाध्यक्ष |
| 4 | विद्यालय द्वारा पूरित आवेदन की सूचना खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि | 25 अक्टूबर, 2025 तक | संस्थाध्यक्ष |
| 5 | पूरित आवेदनों की सूचना मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि | 30 अक्टूबर, 2025 तक | खण्ड शिक्षा अधिकारी |
| 6 | पूरित आवेदनों की सूचना परिषद् कार्यालय में जमा करने की तिथि | 04 नवम्बर, 2025 तक | मुख्य शिक्षा अधिकारी |

**नोटः– आवेदन पत्र भरने हेतु निर्देश पृथक से प्रेषित किये जायेंगे।**

**संलग्नक : यथोपरि।**

भवदीय
6/X/2025
(विनोद प्रसाद सिमल्टी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

पृ0सं0: उ0वि0शि0प0 / सिस्टम सेल / डा0प्रो0 / /2025-26 दिनांक उक्तवत्।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून।
3. अपर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, कुमाऊँ / गढ़वाल मण्डल उत्तराखण्ड।
4. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी उत्तराखण्ड द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारी।
5. समस्त प्रधानाचार्य / प्रधानाध्यापक (शासकीय / अशासकीय / मान्यता प्राप्त) द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारी।

6/X/2025
(विनोद प्रसाद सिमल्टी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

## उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)
## हाईस्कूल (कक्षा 10) परिषदीय् परीक्षा 2026
### परीक्षाफल सुधार परीक्षा 2025 (II) में सम्मिलित होने हेतु आवेदन पत्र
### व्यक्तिगत

12. विद्यालय का नाम : ..........................................................................................

13. परीक्षार्थी का नाम : ..........................................................................................

14. पिता का नाम : ..........................................................................................

15. माता का नाम : ..........................................................................................

16. हाईस्कूल (कक्षा 10) परीक्षाफल सुधार परीक्षा (प्रथम) अगस्त 2025 का अनुक्रमांक :

अंकों में : [ ]

शब्दों में : ..........................................................................

17. परीक्षा परिणाम : अनुत्तीर्ण [ ]

18. जाति : अनुसूचित जाति/अनु0जनजाति/पिछड़ी जाति/सामान्य

19. दिव्यांग : हॉ [ ] नहीं [ ]

20. विषय/विषयों का नाम
जिनमें सुधार परीक्षा देना चाहता है : 1. [ ]

2. [ ]

21. कुल जमा शुल्क : अंकों में : ............................शब्दों में : ..........................................

22. घोषणा :

मैं ..........................................................................पुत्र/पुत्री श्री.......................................... शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि उक्त सभी प्रविष्टियाँ सत्य हैं। मैंने 'परीक्षाफल सुधार परीक्षा' हेतु निर्धारित अर्हताओं एवं दिशा–निर्देशों का अध्ययन कर लिया है। मैं हाईस्कूल (कक्षा 10) 'परीक्षाफल सुधार परीक्षा (द्वितीय) 2025' में सम्मिलित होने हेतु निर्धारित अर्हतायें पूर्ण करता/करती हूँ। **मुझे 'परीक्षाफल सुधार परीक्षा (द्वितीय) 2025' हेतु जारी समस्त दिशा–निर्देश एवं शर्ते मान्य हैं।**

परीक्षार्थी का नाम एवं हस्ताक्षर

..............................................................................................................................

***नोट :*** *आवेदन पत्र पर सूचना अंकित कर परीक्षार्थी आवेदन पत्र, निर्धारित परीक्षा शुल्क सहित व्यक्तिगत परीक्षा हेतु निर्धारित विद्यालय/अग्रसारण केन्द्र के प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य को निर्धारित अंतिम तिथि तक उपलब्ध करायेगा। परीक्षा शुल्क के बिना एवं अंतिम तिथि के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।*

## उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)
## इण्टरमीडिएट (कक्षा 12 एवं कृषि वर्ग मे F1) परिषदीय् परीक्षा 2026
## परीक्षाफल सुधार परीक्षा 2025 (II) में सम्मिलित होने हेतु आवेदन पत्र
## व्यक्तिगत

12. विद्यालय का नाम : ..........................................................................................

13. परीक्षार्थी का नाम : ..........................................................................................

14. पिता का नाम : ..........................................................................................

15. माता का नाम : ..........................................................................................

16. इण्टर (कक्षा 12) परीक्षाफल सुधार परीक्षा (प्रथम) अगस्त 2025 का अनुक्रमांकः

अंकों में : [ ]

शब्दों में : ..........................................................................

17. परीक्षा परिणाम : उत्तीर्ण [ ] अनुत्तीर्ण [ ]

18. जाति : अनुसूचित जाति / अनु0जनजाति / पिछड़ी जाति / सामान्य

19. दिव्यांग : हॉ [ ] नहीं [ ]

20. विषय / प्रश्नपत्र का नाम
जिनमें सुधार परीक्षा देना चाहता है : 1. [ ]

21. कुल जमा शुल्क : अंकों में : ............................शब्दों में : ........................................

22. घोषणा :

मैं ..........................................................................पुत्र / पुत्री श्री.........................................
शपथपूर्वक घोषणा करता / करती हूँ कि उक्त सभी प्रविष्टियाँ सत्य हैं। मैंने 'परीक्षाफल सुधार परीक्षा' हेतु निर्धारित अर्हताओं एवं दिशा–निर्देशों का अध्ययन कर लिया है। मैं इण्टरमीडिएट (कक्षा–12) '**परीक्षाफल सुधार परीक्षा (द्वितीय) 2025**' में सम्मिलित होने हेतु निर्धारित अर्हतायें पूर्ण करता / करती हूँ। **मुझे 'परीक्षाफल सुधार परीक्षा (द्वितीय) 2025' हेतु जारी समस्त दिशा–निर्देश एवं शर्ते मान्य हैं।**

परीक्षार्थी का नाम एवं हस्ताक्षर

..........................................................................................................................

***नोट :*** *आवेदन पत्र पर सूचना अंकित कर परीक्षार्थी आवेदन पत्र, निर्धारित परीक्षा शुल्क सहित व्यक्तिगत परीक्षा हेतु निर्धारित विद्यालय / अग्रसारण केन्द्र के प्रधानाध्यापक / प्रधानाचार्य को निर्धारित अंतिम तिथि तक उपलब्ध करायेगा। परीक्षा शुल्क के बिना एवं अंतिम तिथि के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।*

**उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)**
**हाईस्कूल (कक्षा 10) परिषदीय् परीक्षा 2026**
**में सम्मिलित होने हेतु आवेदन पत्र**
**व्यक्तिगत**

1. विद्यालय का नाम : ....................................................................................
2. परीक्षार्थी का नाम : ....................................................................................
3. पिता का नाम : ....................................................................................
4. माता का नाम : ....................................................................................
5. हाईस्कूल (कक्षा 10) परीक्षाफल सुधार परीक्षा अगस्त 2025(प्रथम) / 2024 (तृतीय) का अनुक्रमांक :

   अंकों में : [ ]

   शब्दों में : ......................................................................

6. परीक्षा परिणाम : अनुत्तीर्ण [ ]
7. जाति : अनुसूचित जाति / अनु0जनजाति / पिछड़ी जाति / सामान्य
8. दिव्यांग : हॉ [ ] नहीं [ ]
9. विषय / विषयों का नाम जिनमें सुधार परीक्षा देना चाहता है : 1. [ ]
   2. [ ]
   3. [ ]
   4. [ ]
   5. [ ]
   6. [ ]
10. कुल जमा शुल्क : अंकों में : ............................शब्दों में : ..........................................
11. घोषणा :

मैं ........................................................................पुत्र / पुत्री श्री.......................................
शपथपूर्वक घोषणा करता / करती हूँ कि उक्त सभी प्रविष्टियाँ सत्य हैं। मैंने इस हेतु निर्धारित अर्हताओं एवं दिशा–निर्देशों का अध्ययन कर लिया है। मैं हाईस्कूल (कक्षा 10) 'व्यक्तिगत परीक्षा 2026' में सम्मिलित होने हेतु निर्धारित अर्हतायें पूर्ण करता / करती हूँ। **मुझे इस हेतु जारी समस्त दिशा–निर्देश एवं शर्तें मान्य हैं।**

परीक्षार्थी का नाम एवं हस्ताक्षर

..........................................................................................................................

***नोट :*** *आवेदन पत्र पर सूचना अंकित कर परीक्षार्थी आवेदन पत्र, निर्धारित परीक्षा शुल्क सहित व्यक्तिगत परीक्षा हेतु निर्धारित विद्यालय / अग्रसारण केन्द्र के प्रधानाध्यापक / प्रधानाचार्य को निर्धारित अंतिम तिथि तक उपलब्ध करायेगा। परीक्षा शुल्क के बिना एवं अंतिम तिथि के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।*

# उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)
## इण्टरमीडिएट (कक्षा 12 एवं कृषि वर्ग मे F1) परिषदीय् परीक्षा 2026
## में सम्मिलित होने हेतु आवेदन पत्र
## व्यक्तिगत

1. विद्यालय का नाम : ........................................................................................
2. परीक्षार्थी का नाम : ........................................................................................
3. पिता का नाम : ........................................................................................
4. माता का नाम : ........................................................................................
5. इण्टर (कक्षा 12) परीक्षाफल सुधार परीक्षा अगस्त 2025 (प्रथम)/2024 (तृतीय) का अनुक्रमांक:

   अंकों में : [ ]

   शब्दों में : ........................................................................
6. परीक्षा परिणाम : उत्तीर्ण [ ] अनुत्तीर्ण [ ]
7. जाति : अनुसूचित जाति/अनु0जनजाति/पिछड़ी जाति/सामान्य
8. दिव्यांग : हॉ [ ] नहीं [ ]
9. विषय/प्रश्नपत्र का नाम जिनमें सुधार परीक्षा देना चाहता है :
   1. [ ]
   2. [ ]
   3. [ ]
   4. [ ]
   5. [ ]
10. कुल जमा शुल्क : अंकों में : ............................शब्दों में : ...........................................
11. घोषणा :

मैं ......................................................................पुत्र/पुत्री श्री......................................... शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि उक्त सभी प्रविष्टियाँ सत्य हैं। मैंने इस हेतु निर्धारित अर्हताओं एवं दिशा–निर्देशों का अध्ययन कर लिया है। मैं इण्टरमीडिएट (कक्षा–12) **'व्यक्तिगत परीक्षा 2026'** में सम्मिलित होने हेतु निर्धारित अर्हतायें पूर्ण करता/करती हूँ। **मुझे इस हेतु जारी समस्त दिशा–निर्देश एवं शर्ते मान्य हैं।**

परीक्षार्थी का नाम एवं हस्ताक्षर

.........................................................................................................................

***नोट :*** *आवेदन पत्र पर सूचना अंकित कर परीक्षार्थी आवेदन पत्र, निर्धारित परीक्षा शुल्क सहित व्यक्तिगत परीक्षा हेतु निर्धारित विद्यालय/अग्रसारण केन्द्र के प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य को निर्धारित अंतिम तिथि तक उपलब्ध करायेगा। परीक्षा शुल्क के बिना एवं अंतिम तिथि के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।*